प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, चोंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 17 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 08 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सिवनी मेरे दिल और दिमाग में है, यहाँ के पिछड़ेपन से मैं दुःखी हूँ - कमलनाथ

सिवनी यशोः- पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ ने सिवनी जिले को विकास की र तार में पिछडनें पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि आज मुझे इस बात से घोर निराशा होती है कि सिवनी जिला विकास के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है यहाँ न तो रोजगार के लिये उद्योगों की स्थापना हो सकी है और न ही शिक्षा के लिये बेहतर इंतजाम हो पाये उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज नही होने पर बेहद अफसोस जाहिर किया । पूर्व मु यमंत्री श्री नाथ रविवार को सिवनी जिले के ग्राम उड़ेपानी के प्रवास पर आये हुये थे यहाँ उन्होंने कांग्रेस के कार्यकत्तार्ओं को संबोधित करते हुये कहा कि सिवनी से मेरा पुराना संबंध हैं। यहां सिंचाई के साधन नहीं हैं, उद्योग नहीं हैं। इंजीनियरिंग कालेज तक नहीं हैं। रोजगार विहीन सिवनी में युवा भटक रहे हैं, ये सबसे बड़ी चुनौती है। सिवनी मेरा पड़ोसी जिला हैं, यहां से समर्थन मिलेगा तो मैं इसे छिंदवाड़ा से जोड़ूंगा। सिवनी मेरे दिल और दिमाग में रहता है। आज अपने सिवनी प्रवास के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री नाथ ने एक ऐसी बात भी कही जो पिछले चुनाव में वह कह कर गये थे कि माचागोरा का पानी लालमाटी क्षेत्र में उनकी सरकार बनने पर प्राथमिकता से पहुँचाया जायेगा उसी बात को आज उन्होंने दूसरे तरीके से कहा कि माचागोरा की परियोजना का सिवनी को पर्याप्त लाभ नहीं मिला रहा श्री नाथ ने कहा कि जब यह योजना बन रही थी तब मैंने पूछा था सिवनी को कितना पानी मिलेगा। माचागोरा से सिवनी को मिल रहे पानी के कारण छिंदवाड़ा के लोग नाराज भी होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नहरों की हालत खराब हैं, निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है।

हमारी संस्कृति पर हमला हो रहा है, संस्कृति और संविधान बचाने हमें साथ होना पड़ेगा

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि हर चुनाव के अपने मायने होते है आगामी समय में जो विधानसभा

चुनाव हैं, उसका बहुत बड़ा मायने हैं। आज हमारे सामने अपनी संस्कृतिक को कैसे जीवित रखने की चिंता है । विश्व में कोई ऐसा देश नहीं है, जहां इतने धर्म हों, इतनी भाषाएं हों, इतनी जाति के लोग हो हर गांव में विभिन्न धर्म के लोग हैं। भाईचारा जो हमारे देश की संस्कृति है। हम दिल जोड़ते हैं, रिश्ता जोड़ते हैं, संबंध जोड़ते हैं, गांव को जोड़कर रखते हैं। आज इस संस्कृति पर हमला शुरू हुआ है, कैसे नफरत फैलाई जाएं, लोगों को बांटा जाए। श्री नाथ ने कहा कि भारत का संविधान पूरे विश्व में मशहूर है इसका स मान है पर यह संविधान गलत हाथों से चला तो या होगा? तमिलनाडू में हिन्दी विवाद, पंजाब में खालिस्तान के नारे। आप पढ़ रहे हैं मणिपुर में बीते सात दिनों में या हो रहा है। विभिन्न जातियों के बीच में विवाद, हिंसा। कितने सारे लोग मारे गए मणिपुर में। हमारे देश की संस्कृति कहां जा रही है। हमारी चिंता है भारत की संस्कृति को बचाने की और इसके लिये हम सब साथ मिलकर बचाने के लिये काम करें । श्री नाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक बेरोजगारी है और सिवनी में भी यही हाल है सिवनी के लोग चहों विधानसभा पर कांग्रेस पर विश्वास जताये मैं भरोसा दिलाता हूँ सिवनी के विकास की प्राथमिकता से चिंता की जायेगी ।

हमने 27 लाखा किसानों का कर्ज माफ किया

पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 15 माह की सरकार में ढाई माह तो लोक सभा आचार संहिता में निकल गए हैं। कांग्रेस ने सरकार में आदेश ही पहली किस्त में प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्जा माफ करने का काम किया। इसमें सिवनी के 62 हजार किसानों का कर्ज माफ किया गया। मैंने 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली दी, कौन सा पाप किया? मैंने गो शालाओं का निर्माण किया, एक हजार गोशाला बनवाई कौन सी गलती करी?, मैंने पेंशन बढ़ाई कौन सा पाप किया। 18 साल सरकार में रहने के बाद शिवराज जी मुझसे पूछते हैं कमल नाथ ने ` या किया? मैंने कहा जो कमल नाथ ने किया उसका जवाब जनता आपको जवाब देगी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भूमिपूजन मंत्री बताते हुये कहा कि अब चुनाव का समय आ गया है मु यमंत्री जी अपने जेब में नारियल लेकर चलते है ओर जहाँ जाते है कोई न कोई भूमिपूजन कर देते है । श्री नाथ ने इस बात पर दुख जताते हुये कहा कि इस सरकार के शासन में जहां विकास नहीं हुआ वहां विकास यात्राएँ निकाली जा रही है । अब जनता आपसे हिसाब मांगेगी। श्री नाथ ने कहा कि हम अपनी बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह देंगे। गैस सिलिंडर 500 रुपये में देंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिये पांच माह का समय बचा हैं, इतनी सारी तस्वीर आपके सामने हैं। यह किसी उ मीदवार का किसी पार्टी का नहीं सिवनी के भविष्य की बात हैं। आज प्रदेश में हमारे छात्र हड़ताल पर हैं। डो टर, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं। हर वर्ग असंतुष्ट हैं। मध्यप्रदेश हड़ताल प्रदेश बन गया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सबसे भ्रष्ट प्रदेशों में मध्यप्रदेश को गिना जाता हैं। कोई यहां उद्योग के लिए निवेश नहीं करना चाहता हैं।

अभी तो यह ट्रेलर है

उड़ेपानी में श्री नाथ पत्रकारों से चर्चा भी की इस दौरान उन्होंने प्रदेश में बढ़ रहे कर्ज बेरोजगारी, आदि विषयों पर बात की तथा पूर्व मु यमंत्री के पुत्र एवं पूर्व मंत्री दीपक जोशी के कांग्रेस के प्रश्न पर कहा कि अभी तो ये ट्रेलर हैं। कमलनाथ जी के आगमन पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित जिले के अधिकांश कांग्रेस नेता पहुँचे थे और मंच पर उनकी उपस्थिती रही ।

समाचार और फोटों के लिये देखे-https://dainikyashonnati.com

बरघाट विधायक काकोड़िया ने कहा बजरंगबली आदिवासी थे

सिवनी यशोः- बजरंग बली आदिवासी थे वो जंगलो में रहते थे

उन्होंने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की मदद की थी भगवान राम की मदद के लिये कोई करणी सेना नहीं गयी थी, कोई क्षत्रियों की सेना नहीं गयी थी कोई ब्राह्मणों की सेना नहीं गयी थी वहाँ आदिवासियों ने भगवान राम की मदद की थी । इस आशय की बात बरघाट विधायायक अर्जुन सिंह काकोड़िया ने सिवनी के उड़ेपानी में कमलनाथ जी के आगमन पर अपने संबोधन के दौरान कही । उन्होंने कहा कि बजरंग बली को यदि कोई बदनाम करने की कोशिय करेगा तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

यहाँ बता दे कि कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने के वायद किया है और इससे पूरे देश में कांग्रेस के विरोध में हिन्दुवादी संगठन विरोध कर रहे है और आम हिन्दुओं में भी कांग्रेस की इस घोषणा की प्रतिक्रिया अच्छी नहीं है सिवनी जिला मु यालय सहित जिले में बजरंग दल की ओर से कांग्रेस के विरोध में प्रदर्शन के साथ आलोचनात्मक प्रतिक्रियाएँ आ रही है । वक्त की नजाकत को भांपते हुये अर्जुन सिंह काकोड़िया ने बजरंगबली के प्रति अपनी अस्था का खुला प्रदर्शन करते हुये कहा कि आदिवासियों को आर एस एस, बजरंग दल और श्रीराम सेना के लोगो ने घर में घसकर मारा है ।

विधायक ने कराया वृद्धा आश्रम में फल व गरीबजनों में भोजन वितरण

सिवनी यशोः- रविवार, दिनांक 07 मई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन की ओर से पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा के पूर्ण होने पर गरीबजनों को भोजन वितरित किया गया। ज्ञात हो कि विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सिवनी जिले एवं विधानसभा वासियों के सुखमय जीवन की मंगल कामनाओं को लेकर पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा बरमान घाट से प्रारंभ कर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में विधि विधान से आज पूर्ण की गई। इस दौरान श्री राय ने कहा कि आध्यात्म को समर्पित नर्मदा परिक्रमा यात्रा से मन आनंदित है मेरी कामना है कि मां नर्मदा सदैव अपने भक्तों पर आशीर्वाद बनाए रखें। सनातन धर्म और पुराणों में अत्यधिक महत्व रखने वाली पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा पूर्ण होने के अवसर पर सिवनी नगर में

विधायक दिनेश राय मुनमुन की ओर से शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं द्वारा वृद्ध आश्रम मे फलों व मिष्ठान का वितरण एवं मानसिक विक्षिप्त जनों व नगर के बस स्टैण्ड, प्रायवेट बस स्टैण्ड, मानस भवन के पीछे स्थित बस्ती, बुधवारी, छिंदवाड़ा चौक, शनि मंदिर, मठ मंदिर प्रांगण एवं बवरिया टोला क्षेत्रों में पहुंचकर गरीब जनों में भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, प्रहलाद कोनियापार वरिष्ठ भाजपा नेता, संजय पप्पू सोनी नगराध्यक्ष भाजपा, श्याममिलन पांडे , नितेन्द्र गुड्डू बघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, दुर्गेश चक्रवर्ती भाजयुमो मंडल अध्यक्ष लखनवाड़ा, अनूप मिश्रा मनीष मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग, बेनी चंद्रवंशी जनपद सदस्य, रवि सनोडिया भाजयुमो मंडल अध्यक्ष करकोटी, श्रीमती रु मणी सनोडिया, श्रीमती कीर्ति सनोडिया , अखिलेश राय सतीश दुबे , सुरेन्द्र शेरु माल्या , नरेश गिरी गोस्वामी , संदीप नायर, कार्यालय सहायक देवेन्द्र राठौर, अखिलेश पांडे, रंजीत राय, हेमंत टेंभरे, अनिल सनोडिया सरपंच खैरी शंकर माखीजा, देवेन्द्र बघेल, संदीप साहू (गोलू) आसरा फाउण्डेशन रसोई मैनेजमेंट, मीडिया प्रभारी मो. जिब्राईल मंसूरी आदि की उपस्थिति रही।

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के साथ काम करती है भाजपा सरकार - वैभव पवार

धारा 370,राम मंदिर और तीन तलाक जैसे ग भीर मुद्दों को मोदी सरकार ने हल करने का काम किया

सिवनी यशोः- भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे मध्यप्रदेश में युवा चौपाल का आयोजन कर रहा है

जिसमें युवाओं के बीच मे जाकर भारतीय जनता पार्टी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में युवाओं से संवाद कर रहा है।

भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सिवनी जिले के लखनवाड़ा मण्डल की खैरी पंचायत एवं मुंगवानी मण्डल की हथनापुर पंचायत में युवा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे जिलाध्यक्ष युवराज गहंगडाले द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का युवा मोर्चा हर वार्ड.हर पंचायत में युवा चौपाल कर रहा हैएजिसके माध्यम से आने व ा ल े विधानसभा चुनाव में पहली बार जो युवा मतदान करेगा वो भाजपा की विकासनीति के पक्ष में मतदान करे।

इस दौरान भाजयुमो के यशश्वी प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने कहा कि आज मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर है। भारत युवा आबादी का देश है और भाजपा सरकार की नीति देश और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैएभाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश की दिशा और दशा बदली है एवं सामाजिक जि मेदारी का निर्वहन भाजपा ने किया हैएउज्ज्वला योजनाएप्रधानमंत्री आवास योजनाएलाडली लक्ष्मी योजनाएस बल योजनाएलाडली बहना योजना जैसी योजनाओं से आमजनमानस के जीवन स्तर में को सुधारने का काम भाजपा ने किया। झूठ बोलकर सत्ता पाकर 15 महीने की कांग्रेस सरकार ने भाजपा द्वारा चलाई जाने जनकल्याणकारी योजनाओं को बन्द करने का काम किया था। देश और प्रदेश का विकास भाजपा सरकार ही कर सकती हैएकेवल भाजपा ने प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। 2014 के पहले का भारत सबने देखा और 2003 के पहले का मध्यप्रदेश भी सबने देखा हैएअंतर स्पष्ट है शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के लिए प्रतिबद्धता से भाजपा सरकार काम करती है।युवाओं के लिए मु यमंत्री कौशल कमाई योजना के माध्यम से नए रोजगार के अवसर भाजपा सरकार ने शुरू किये एवं युवाओं के हित मे युवानीति एवं युवा आयोग का गठन किया।भारत मे आतंकवादी हमले पहले आम हुआ करते थे आज हमारी सेना की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण भारत आतंकियों को आंख दिखा रहा हैएआज विश्व मे भारत का स मान बढ़ा है,पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है,भारत विश्व का नेतृत्व करने की ओर अग्रसर है।

इस दौरान जिलामंत्री श्रीमती निर्मला ठाकुर,श्रीमति रु मणी सनोडिया,मंडल अध्यक्ष अनिल बघेल,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुर्गेश चक्र वर्ती,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शारदा कश्यप, बेनी राम चंद्रवंशी, विनोद यादव, हरिशंकर साहू,अनिल सनोडिया, चेतराम सनोदिया, राधेश्याम सनोडिया, भाजयुमो जिला उपाध्यक्षगण शुभम राजपूत, राजा बघेल, अंकित ठाकुर,जिलामंत्रीगण अतीत बिसेन, ,अशोक शरणागत,अमित पांडे,सोशल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार,उत्तर मण्डल अध्यक्ष भुनेश कुल्हाड़े,मण्डल अध्यक्ष मुंगवानी श्रीकांत बघेल,शंकर दहिया सरपंच ,मनोज बघेल,मुकुंद बघेल ,वीरेंद्र सनोडिया, योगेंद्र जैन, राज पटेल, शशि भूषण,निलेश, सचिन बघेल सियाराम सनोडिया पप्पू हेमू हेमराज धर्मेंद्र वीरेंद्र सीताल दीपक रितिक,अनिल, सुनील, अजय, लालू सत्यवान, बबलू, रोहित,कपिल,कमल पटले,मनीष चौधरी,टालेंद्र चौधरी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन के कार्यो की केंद्रीय राज्य मंत्री कुलस्ते ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- 7 मई 23 को विकासखंड घंसौर के जनपद पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री

फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन सहित अन्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता उइके, आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कले टर श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी, योजनाओं से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कुलस्ते ने लखनादौन, धनोरा एवं घंसौर में संचालित एकल एवं झुरकी, सिद्धघाट, पायली, संगम घाट, बंडोल ग्रामीण समूह नल जल योजनान्तर्गत प्रगतिरत एवं पूर्ण हो चुके कार्यों एवं शेष रहे कार्यों की ग्रामवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने योजना अंतर्गत शेष रहे कार्यो को तय समय सीमा (मई माह के अंत तक) में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर जल प्रदाय करने के निर्देश योजनाओं से संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को दिए।

मंत्री श्री कुलस्ते ने जल जीवन मिशन की सभी क्षेत्रीय योजनाओं से क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शत प्रतिशत सभी ग्रामों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के पूर्ण हो जाने पर पंचायत स्तर से कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रत्येक घर में जल प्रदाय होने के पश्चात् ही संबंधित निर्माण एजेंसी से योजना को हेंडओवर प्राप्त करने के निर्देश दिये। केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने कार्यों के दौरान हुई सड़कों की टूट-फूट को त्वरित मर मत करने के निर्देश संबंधित निर्माण कर्ता एजेंसियों को दिए, साथ ही संबंधित अधिकारियों को उनके क्षेत्र की टूटी फूटी सड़कों की जानकारी 2 दिवस में देने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री कुलस्ते ने अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग से फीडर सेपरेशन एवं कृषकों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाने वाली विद्युत प्रदायगी की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही नल जल योजना कार्यों एवं जल प्रदायगी में पर्याप्त विद्युत देने के निर्देश दिए।

बैठक में कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में हुए पात्र महिलाओं के रजिस्ट्रेशन एवं मु यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण तैयारियों की जानकारी दी।